उत्तराखण्ड अधीनस्थ सेवा चयन आयोग
Uttarakhand Subordinate Service Selection Commission

पत्रांक सं0 1326

दिनांक / Date 9/1/2018

।। प्रेस विज्ञप्ति।।

अवर अभियंता(प्रशिक्षु) सूचना प्रौद्योगिकी का परिणाम जारी

उत्तराखण्ड अधीनस्थ सेवा चयन आयोग द्वारा पद कोड–54, पदनाम–अवर अभियंता(प्रशिक्षु), सूचना प्रौद्योगिकी ,पावर ट्रांसमिशन कॉरपोरेशन लि0 के 7 पदों का परीक्षा परिणाम जारी कर दिया गया है। इन पदों के लिए लिखित परीक्षा दिनांक 5/11/2017 को आयोजित की गयी थी। जिसमें 872 अभ्यर्थी उपस्थित हुये थे। परीक्षा का परिणाम आयोग की वेबसाइट **www.sssc.uk.gov.in** पर अपलोड कर दिया गया है। लिखित परीक्षा में चयनित अभ्यर्थियों के अभिलेखों के सत्यापन के लिए दिनांक 17/1/2018 की तिथि निर्धारित की गयी है। लिखित परीक्षा में चयनित सभी अभ्यर्थियों से अपेक्षा है कि वे नियत तिथि को मूल प्रमाण पत्रों सहित आयोग के कार्यालय में उपस्थित होना सुनिश्चित करें।

परीक्षा परिणामों का स्थगन

उत्तराखण्ड अधीनस्थ सेवा चयन आयोग द्वारा तकनीशियन ग्रेड–2(विद्युत) एवं तकनीशियन ग्रेड–2(यांत्रिक) (पद कोड–55, 97, 98) एवं कम्प्यूटर प्रोग्रामर (पद कोड–10,44) पदों के लिए आयोजित परीक्षा का परिणाम मा0 उच्च न्यायालय के आदेशों के क्रम में स्थगित रखा गया है। रिट याचिका संख्या–3320/2017(S/S) उत्तराखण्ड विद्युत संविदा कर्मचारी संगठन व अन्य बनाम राज्य मामले में दिनांक 16/11/2017 को दिये गये निर्णय के अनुरूप परीक्षा परिणाम स्थगित रखा गया है। इसी प्रकार कम्प्यूटर प्रोग्रामर के पद पर मा0 उच्च न्यायालय में योजित रिट याचिका सं0–2982/2017(S/S), श्री संजय धीमान व अन्य बनाम राज्य, 3167/2017(S/S) श्रीमती मोहनी व अन्य बनाम राज्य तथा रिट याचिका सं0–3168/2017(S/S) सुभाष पाल व अन्य बनाम राज्य में दिनांक 24/10/2017 को दिये गये निर्णय के क्रम में परीक्षा परिणाम स्थगित किया गया है।

9/1/18

(संतोष बडोनी)

सचिव।